# अभ्यास प्रश्न पत्र - 2023

**SET-C**

## कक्षा-12

## विषय इतिहास

**समय -3 घंटा** **पूर्णांक-80 अंक**

**निर्देश-**

1. सभी प्रश्न अनिवार्य हैं
2. प्रश्न क्रमांक 1 से 5 तक 32 वस्तुनिष्ठ प्रश्न है। इनमें से सही विकल्प 06 अंक, रिक्त स्थान 07 अंक, सही जोड़ी 6 अंक, एक शब्द से एक बाक्य में उत्तर 7 अंक एवं सत्य /असत्य 06 अंक संबंधी प्रश्न है। प्रत्येक प्रश्न हेतु 01 अंक निर्धारित है।
3. प्रश्न क्रमांक 6 से 23 तक में आंतरिक विकल्प दिए गए हैं|
4, प्रश्न क्रमांक 6 से 15 तक प्रत्येक प्रश्न के लिए 2 अंक निर्धारित हैं। (शब्द सीमा अधिकतम 30 शब्द)
5, प्रश्न क्रमांक 16 से 19 तक प्रत्येक प्रश्न के लिए 3 अंक निर्धारित हैं| (शब्द सीमा अधिकतम 75 शब्द)
6. प्रश्न क्रमांक 20 से 23 तक प्रत्येक प्रश्न के लिए4 अंक निर्धारित हैं| (शब्द सीमा अधिकतम120 शब्द)
7. प्रश्न क्रमांक 23 के लिए प्रदत्त मानचित्र में अपना उत्तर अंकित करें तथा मानचित्र को भरकर उत्तरपुस्तिका में संलग्न करें |

**1. सही विकल्प का चयन कीजिए -** **1x6= 6**

I. हड़प्पा लिपि लिखी जाती थी–
अ) बाएं से दाएं ओर ब) दाएं से बाएं ओर
स) उपर से नीचे की ओर द) उपरोक्त में से कोई नहीं

II. अर्थशास्त्र के रचयिता कौन हैं–
अ) मेगास्थनीज ब) चंद्रगुप्त मौर्य
स) कौटिल्य द) घनान्द

III. ऋग्वेद में किन देवताओं का उल्लेख मिलता है–
अ ) अग्नि ब) इंद्र
स) सोम द) उपरोक्त सभी

IV. पोलज भूमि से आप क्या समझते है–
अ) जिसमें हर वर्ष खेती होती है ब) एक वर्ष अंतराल के बाद खेती
स)) चार से पांच वर्ष अंतराल के बाद खेती द) खेती नहीं होती

V. सूपा विद्रोह की शुरूआत कहाँ से हुई थी–
अ) पटना ब) पूना
स) गुजरात द) अहमदाबाद

VI. सभी विद्रोहियों का एक सामान्य लक्ष्य क्या था–
अ) अपनी जमीनों की वापसी ब) लगान में कमी
स) ब्रिटिश पूर्व की व्यवस्था को पुर्नस्थापित करना द) वेतन में वृद्धि

**2. रिक्त स्थानों की पूर्ति कीजिए –** **1x7= 7**

I. मेसोपोटामिया के कई लेख में ...... को नाविकों का देश कहा जाता है।
II. प्रभावती गुप्त की शादी ...... राज परिवार में हुई।
III. ऐसी महिलाएँ जिन्होंने निर्वाण प्राप्त कर लिया है ...... कहलाती है।

https://www.mpboardonline.com

IV. संस्कृत को विशाल पॅहुच वाली भाषा के रूप में ...... ने वर्णित किया है।
V. चावल की खेती के लिए प्रतिवर्ष 40 इंच से ...... वर्षा आवश्यक थी।
VI. अमेरिकी गृहयुद्ध ने भारत के ...... व्यापार को अत्यधिक बढ़ावा दिया।
VII. भारतीय जनता ...... कानून को काला विधेयक कहते थे।

**3. सही जोड़ी बनाइए-** **1x6 = 6**

| स्तम्भ 'अ' | स्तम्भ 'ब' |
|---|---|
| (i) अलबिरूनी | (a) तुलुववंश का सर्वाधिक प्रतिष्ठित राजा था |
| (ii) कृष्णदेव राय | (b) उत्तर भारतीय राज्यों में |
| (iii) चाचर | (c) संघ संविधान समिति |
| (iv) महालबाड़ी बन्दोबस्त | (d) 1930 |
| (v) दाण्डी मार्च | (e) उज्बेकिस्तान |
| (vi) पं जवाहर लाल नेहरू | (f) भूमि का प्रकार |

**4. निम्नलिखित प्रश्नों के उत्तर सत्य/ असत्य में लिखिए-** **1x6 = 6**

I. हड़प्पा सभ्यता का सबसे पहले खोजा गया शहर लोथल था।
II. नेपोलियन की तुलना समुद्रगुप्त से की जाती है।
III. धर्म शास्त्रों में पाँच प्रकार के विवाह का वर्णन किया गया है।
IV. नालंदा विश्वविद्यालय की स्थापना कुमारगुप्त प्रथम ने की थी।
V. चिश्ती सिलसिले की स्थापना निजामुद्दीन औलिया ने की थी।
VI. जमीन की मुख्यताः दो किस्म होती थी।

**5. निम्नलिखित प्रश्नों के उत्तर एक शब्द या एक वाक्य में लिखिए–** **1x7= 7**

I. भारतीय पुरातत्व का जनक किसे कहा जाता है।
II. पैमाने पर सोने के सिक्के किसके द्वारा चलाये गए?
III. महाभारत किस भाषा में लिखा गया ग्रंथ है?
IV. शेषनाग पर आराम करते हुए विष्णु की सबसे उँची/बड़ी प्रतीमा कहॉ स्थित है?
V. विजयनगर के दो प्रसिद्ध मंदिर कौन से थे?
VI. सीमांत गांधी कौन थे?
VII. संविधान की धारा–17 क्या घोषित करती है।

6. फयॉन्स क्या है? ये कहाँ मिलते है। 2

अथवा

सिन्धु घाटी सभ्यता की कोई दो विशेषताएँ लिखिए ?

7. भारत में आने से पहले इब्नबतुता कौन सी यात्राएँ कर चुका था ? 2

अथवा

मुहम्मद हाजिन भारत से घृणा क्यों करने लगा थ ा?

8. मातृगृहता क्या है ? 2

अथवा

शरिया से आप क्या समझते है ?

9. रायचूर दोआब से क्या तात्पर्य हैं ? 2

अथवा

विजयनगर के शासकों की मंदिर निर्माण में रूचि का क्या कारण था ?

10. जिंस–ए–कासिम में कौन–कौन सी फसलें शामिल की गई थी ? 2

अथवा

मुगलकाल में लगान बसूली के कौन–कौन से तरीके प्रचलन में थे ?

11. कुदाल और हल के प्रतीक का उपयोग किनके लिए किया गया था ? 2

अथवा

औपनिवेशिक काल में किसानों की ऋणग्रस्तता के कोई दो ऋण लिखिए ?

12. विद्रोही घोषणा में बार–बार किस बात के लिए अपील की गई थी ? 2

अथवा

अवध में कांति का जोर सबसे ज्यादा था | क्यों ?

13. लाल–बाल–पाल कौन थे ? 2

अथवा

असहयोग आंदोलन के पहले गांधीजी ने कौन से आंदोलन चलाये थे ?

14. आजादी के साथ–साथ जश्न के माहौल में क्या दर्द दिखाई दिया ? 2

अथवा

प्रारंभ में समाजवादी दल संविधान सभा से अलग क्यों था ?

15. उद्देश्य प्रस्ताव पेश करते समय जवाहरलाल नेहरू ने अपने भाषण में क्या कहा था ? 2

अथवा

आर.वी. धुलेकर ने हिन्दी के पक्ष में क्या टिप्पणी थी?

16. महाभारत के समालोचनात्मक संस्वरण के बारे में बताईये ? 3

अथवा

जाति व्यवस्था के कोई तीन दोष बताइए ?

17. हीनयान और महायान में अंतर लिखिए ? 3

अथवा

बौद्ध संघों में (भिक्षु) और (भिक्षुणी) के लिए क्या नियम थे ? समझाइए।

**18.** हाथी, घोड़े और लोग किसके प्रतीक हैं? 3

अथवा

विजयनगर साम्राज्य की अमर नायक प्रणाली को समझाइए?

**19.** विद्रोहियों ने अपने बीच एकता स्थापित करने के क्या तरीके अपनाये? 3

अथवा

सारे प्रयासों के बावजूद विद्रोह असफल हुआ? इसके असफलता के कारणों की विवेचना कीजिए।

**20.** अतीत के पुनर्निमाण में अभिलेखशास्त्रियों के समझ आई समस्याओं को लिखिए? 4

अथवा

धर्म प्रवर्तक से आप क्या समझते है? अशोक ने बौद्ध धर्म के प्रचार के लिए कौन-2 से कार्य किए? https://www.mpboardonline.com

**21.** भक्ति आंदोलन के प्रभावों का वर्णन कीजिए? 4

अथवा

धार्मिक परिपाटियॉ इतिहासकारों के लिए किस प्रकार सहयोगी सिद्ध हो सकती है।

**22.** भारत छोड़ो आंदोलन जन–आंदोलन क्यों कहलाता है? व्याख्या कीजिए 4

अथवा

भारतीय स्वतंत्रता अधिनियम की प्रमुख धाराएँ लिखिए?

**23.** हड़प्पा सभ्यता में निम्नलिखित पुरास्थलों के मानचित्र में दर्शाइए– 4

1.हड़प्पा 2.कालीबंगन 3.लोथल 4.चन्हुदड़ों

अथवा

1857 विद्रोह के मुख्य केन्द्रों को मानचित्र में दर्शाइए–

1.दिल्ली 2.लखनऊ 3.जबलपुर 4.अवध

https://www.mpboardonline.com

प्रश्न 23 के लिए  मानचित्र-

